Literacy for a Billion

Movie: Raja Hindustani
Year: 1996

Song: Kitna Pyara Tujhe
Lyricist: Sameer

कितना प्यारा तुझे रब ने बनाया
कितना प्यारा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ

ओ कितना सोणा तुझे रब ने बनाया
कितना सोणा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ

तू है पागल तू है जोकर
तू है दिलबर जानी
तू है पागल तू है जोकर
तू है दिलबर जानी
सबसे प्यारा मेरा यारा
राजा हिन्दुस्तानी

कितना प्यारा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ
ओ कितना सोणा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ

अम्बर से आई है
परियों की रानी
देख जिसे होती है
सबको हैरानी

ओ अम्बर से आई है
परियों की रानी
देख जिसे होती है
सबको हैरानी

सुन्दर सा मुखड़ा है
फूलों के जैसा
होगा ना दुनिया में
कोई ऐसा

कितना सीधा
कितना सच्चा
मेरा राजा
कितना अच्छा

मुझको तो अच्छी लगती है
तेरी हर नादानी
मुझको तो अच्छी लगती है
तेरी हर नादानी
सबसे प्यारा मेरा यारा
राजा हिन्दुस्तानी

ओ कितना प्यारा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ
हो कितना सोणा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ

कोयल के जैसी है
तेरी ये बोली
मूरत के जैसी है
सूरत ये भोली

हो कोयल के जैसी है
तेरी ये बोली

मूरत के जैसी है
सूरत ये भोली

बाग़ों में जाओ ना
दिल मेरा घबराए
पैरों में काँटा कोई
हाय ना चुभ जाए
मैं दीवानी हो ना जाऊँ
तेरी बातों में खो ना जाऊँ
उड़ता बादल बहता पानी
बोले रुत मस्तानी
उड़ता बादल बहता पानी
बोले रुत मस्तानी
क्या
सबसे प्यारा मेरा यारा
राजा हिन्दुस्तानी

कितना प्यारा तुझे रब ने बनाया
हो कितना सोणा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ

तू है पागल तू है जोकर
तू है दिलबर जानी
सबसे प्यारा मेरा यारा
राजा हिन्दुस्तानी
कितना प्यारा तुझे रब ने बनाया
जी करे देखता रहूँ

जी करे देखता रहूँ

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.